एक नजर में

जिपं की साधारण सभा बैठक आज

राजगढ़ 24 नवम्बर, का. जिला पंचायत राजगढ़ की साधारण सभा की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष चन्दर सिंह सौंधिया की अध्यक्षता में 25 नवम्बर को दोपहर 01 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है. बैठक में एम.पी.ई.बी.(विद्युत मण्डल), किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग, जल संसाधन विभाग मोहनपुरा, कुण्डालिया एवं सुठालिया सिंचाई परियोजना, उद्यानिकी विभाग, पशुपालन विभाग, स्कूल एवं शिक्षा विभाग, खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी.

नि:शुल्क कृत्रिम लैंस शिविर आयोजित

पड़ाना 24 नवंबर, सं. जिला दृष्टिहीन निवारण समिति के तत्वाधान में सोमवार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पड़ाना में एक दिवसीय निशुल्क कृत्रिम लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया. जहां ओपीडी मैं दर्ज 50 मरीज को मोतियाबिंद की जांच, मोतियाबिंद ऑपरेशन, कृत्रिम लेंस, प्रत्यारोपण, चश्मे के नंबर, कांच बिंदु, नासूर की जांच, भेगैपन, इत्यादि के 36 मरीजों को चिरायु मेडिकल कॉलेज बैरागढ़ उपचार हेतु ले जाया गया. इस मौके पर डॉक्टर सलिला पांडे आशीष मालवीय सुमित मेवाड़ा इत्यादि के द्वारा जांच की गई.

आरबीएसके टीम ने बच्चों का हीमोग्लोबिन टेस्ट किया

पड़ाना 24 नवंबर, सं. प्रदेश शासन की निर्देश अनुसार स्वास्थ्य टीम द्वारा सोमवार हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र कक्ष में आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2,3,8 के दर्ज 0 से 6 वर्ष बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया. जहां बच्चों एवं अभिभावकों को को स्वस्थ रहने के लिए नए-नए तरीके एवं उपाय बताए गए!स्वास्थ्य परीक्षण की टीम डॉक्टर आजम बैग डॉ आरजू खान द्वारा बड़ी रोचक तरीके से स्वास्थ्य परीक्षण किया गया स्वास्थ्य से होने वाले लाभ एवं स्वास्थ्य के प्रति प्रभाव पर समझाया गया डॉक्टर द्वारा प्रत्येक बच्चों की बारीकी से जांच की गई जिसमें कटे-होट,हाइट, वजन,खून की कमी, हीमोग्लोबिन की जांच,दांत संबंधी,इत्यादि का स्वास्थ्य परीक्षण किया. इस मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संगीता कुंभकार,श्यामा सक्सेना, सरोज विश्वकर्मा, रेखा गोस्वामी, इत्यादि उपस्थित रही.

आदेशों का पालन नहीं कर रहे कई अशासकीय स्कूल

अवहेलना करने वालों पर की जाएगी कार्रवाई

जिला प्रशासन द्वारा सुबह 9 बजे के पूर्व कक्षाओं का संचालन नहीं करने के हैं निर्देश

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 24 नवम्बर, का. विगम दिवस न्यूनतम तापमान में गिरावट के साथ ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए जिला कलेक्टर द्वारा जिल की समस्त शासकीय एवं अशासकीय शालाओं को सुबह 9 बजे के पूर्व कक्षाओं का संचालन नहीं करने संबंधी आदेश जारी किए गये थे किंतु नगर सहित जिले में कई स्थानों पर कुछ अशासकीय स्कूलों के द्वारा आदेश की अवहेलना करते हुए 9 बजे के पूर्व ही स्कूलों का संचालन किया जा रहा है जिसके कारण ठंड के मौसम में छोटे-छोटे बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.

विदित है कि विगत दिवस जिले में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री पर जा पहुंचा था. इसको देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा सुबह 9 बजे के पहले स्कूलों का संचालन नहीं करने के निर्देश आदेश जारी कर दिए गये. परन्तु यह देखने में आया है कि नगर में ही कुछ प्रायवेट स्कूलों के द्वारा आदेशो की अवहेलना करते हुए सुबह 9 बजे के पूर्व ही कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है.

यदि कोई भी अशासकीय स्कूल में आदेश की अवहेलना करते हुए सुबह 9 बजे के पूर्व कक्षाओं का संचालन किया जाना सामने आता है तो संबंधित संस्था प्रबंधन को कारण बताओं नोटिस जारी करने की कार्यवाई की जाएगी.

दिलीप कुमार शर्मा
बीईओ, शिक्षा विभाग
ब्यावरा

विरोधाभास के बीच लगने लगे स्मार्ट मीटर

व्यवसायिक सहित घरेलू कनेक्शनों पर स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य शुरू

पहले शासकीय कार्यालयों में लगाए गये थे स्मार्ट मीटर, अब 170 मीटर लगा चुका विभाग

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 24 नवम्बर, का. विद्युत वितरण कंपनी द्वारा अपनी करोड़ो में जा पहुंची बकाया बिल राशि की वसूली तथा मीटरों की रीडिंग, उनमें छेड़छाड़ आदि से निपटने हेतु अत्याधुनिक तकनीकि पर आधारित स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे है, नगर में भी स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य शुरू हो गया है, परन्तु अधिकांश जगह पर स्मार्ट मीटरों को लेकर विरोध भी सामने आता रहा है. इन मीटरों से कहीं अधिक तेजी के साथ यूनिट बनने और भारी भरकम बिल आने के संशय को लेकर स्मार्ट मीटरों का विरोध भी कई जगहों पर पूर्व में देखा गया है.

विद्युत विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे है, किंतु प्रारंभ से ही इन मीटरों को लेकर विरोधाभास होकर उपभोक्ताओं का विरोध भी सामने आया है, अब नगर में भी स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य विद्युत विभाग द्वारा ठेकेदार के माध्यम से शुरु कर दिया गया है. व्यवसायिक सहित घरेलू कनेक्शन पर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे है.

विदित है कि हाल ही में नगर के विभिन्न जगहों पर लगभग 170 स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके है. इनमें 150 व्यवसायिक तथा अन्य घरेलू कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं के यहां मीटर लगाए गये है. इसके पूर्व मार्च माह में शासकीय कार्यालयों में स्मार्ट मीटर लगाए गये थे. सोमवार को शहीद कॉलानी में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य किया जा रहा है.

स्मार्ट मीटर के नुकसान

स्मार्ट मीटर के होने वाले नुकसान भी काफी चर्चा में रहे है. मीटर खराब होने पर आपका बिल औसत पर नहीं बनेगा, प्रीपेड होने पर नेटवर्क, सर्वर की समस्या निर्मित होने पर आपकी लाइट रिचार्ज होने के बाद भी चालू नहीं हो पाएगी, बैलेंस निगेटिव होने से पहले रिचार्ज कराना होगा. जहां वर्तमान पुराने मीटर में भुगतान के लिए बिल बनने के बाद15 दिन का समय मिलता है जबकि स्मार्ट मीटर में पहले भुगतान कर रिचार्ज लेना पड़ेगा. साथ ही बिल की कोई हार्ड कॉपी नहीं मिलेगी.

स्मार्ट मीटर के फायदे इसमें उपभोक्ता अपनी प्रतिदिन की रिडिंग और बिल देख सकेंगे, प्रीपेड होने पर जितना चाहेंगे उतने का रिचार्ज करा सकेंगे, स्मार्ट मीटर में बिल गलत होने की संभावना बहुत ही कम रहेगी. अपनी खपत और बिल का डिटेल कहीं से भी ऑन लाइन चेक कर सकते है, स्मार्ट मीटर खराब होने पर इसकी सूचना विभाग को जल्दी चली जाती है तथा घर- दुकान बंद रहने पर लाइट बंद रहेगी तो रिडिंग नहीं बनेगी.

नगर में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य कंपनी के द्वारा किया जा रहा है. फिलहाल व्यवसायिक सहित घरेलू कनेक्शनों पर 170 स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके है. नगरीय क्षेत्र में लगभग 17 हजार स्मार्ट मीटर लगए जाना है, जैसे-जैसे मीटर आ रहे है उनको लगाने का कार्य कंपनी के द्वारा किया जा रहा है. फिलहाल यह पोस्टपेड रहेंगे.

अजित भुमरकर
एई, विद्युत वितरण कंपनी
शहरी क्षेत्र ब्यावरा

नगर में लगेंगे 17 हजार मीटर

ब्यावरा नगर में अभी मात्र 170 स्मार्ट मीटर ही लगाए गये है. विद्युत वितरण कंपनी के अनुसार नगर भर में करीब 17 हजार मीटर लगाए जाएंगे. इनमें व्यवसायिक एवं घरेलू उपभोक्ता शामिल है जिनके यहां स्मार्ट मीटर लगना है. स्मार्ट मीटर लगाने में किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं रहेगा. स्मार्ट मीटर पूरी तरह नि:शुल्क लगाए जा रहे है.

कई जगह हुआ था विरोध

विगत माह पूर्व गुना शहर में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य शुरु किया गया था. उस दौरान वहां उपभोक्ताओं ने यह कहते हुए इसका कड़ा विरोध किया कि इससे कहीं अधिक यूनिट बनकर भारी भरकम बिल आ रहे है. इसका काफी विरोध वहां पर देखने को मिला. हालांकि वर्तमान में वहां पर स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य जारी है.

बकायादारों के कनेक्शन ऑनलाइन कटेंगे

स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ता पर यदि भारी भरकम राशि बकाया चल रही है और उनके द्वारा राशि जमा नहीं की जा रही है तो ऐसे में विद्युत वितरण कंपनी के द्वारा संबंधित बकायादार का विद्युत कनेक्शन ऑन लाइन डिसकनेक्ट कर दिया जाएगा.

छात्राओं ने निर्विन्ध्या महाविद्यालय का भ्रमण किया

ब्यावरा 24 नवंबर, का. पीएम श्री स्कूल की छात्राएं निर्विन्ध्या महाविद्यालय पहुंची जहा उन्होंने महाविद्यालय में प्रवेश के नियम, स्नातक कोर्स, बॉटनी प्रयोगशाला, जूलॉजी प्रयोगशाला, और नर्सिंग कोर्स के बारे में जानकारी प्राप्त की. उनके साथ प्राचार्य एन एस सिकरवार, शिक्षिका सुश्री किरण अग्रवाल, श्रीमती रजनी शर्मा, श्रीमती अपर्णा पालीवाल, श्री मती ममता शिवहरे, श्री संजय भदौरिया, देवेंद्र विमल एवं निर्विन्ध्या महाविद्यालय के डायरेक्टर कुलदीप सक्सेना सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे.

82 प्रतिशत फार्म हुए ऑनलाइन

तलेन 24 नवंबर, सं. नगर के कुल आठ मतदान केंद्र पर कुल पंजीकृत मतदाता 7666. है. वर्ष 2003 में तलेन सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 163 का हिस्सा रहा है. वर्तमान में यह नरसिंहगढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 160 में आता है. भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चल रहे विशेष विशेष मतदाता सूची में सोमवार 4.00 बजे तक कुल मतदाता 7666 मैसे 6354 सर्वे फॉर्म कंप्लीट हो चुके हैं. इस प्रकार 82.36 प्रतिशत कार्य सर्वे का हो है. तलेन की आठ मतदान केदो में से सर्वाधिक तेज गति से मतदान क्रमांक 25 पर 95 प्रशित से अधिक मतदाता फॉर्म एकत्रित ऑनलाइन हो चुके है. इस मतदान केंद्र पर शिक्षक मनकर खान ने कार्य किया है.एसडीम नरसिंहगढ़ तथा नायब तहसीलदार मनोज शर्मा के निर्देशन में यह कार्य सुचारू रूप से जारी है. नगर के आठ परिषद कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्थानीय नागरिक एवं दोनों पार्टी के राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता सहयोग दे रहे हैं. नगर परिषद परिसर मैं भी जनता की सुविधा हेतु हेल्प डेस्क सुविधा कर रखी है ताकि अपने फार्म भरवा सके.

सरपंच ने सचिव से अभद्रता कर शासकीय दस्तावेज फाड़े

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 24 नवम्बर, का. राजगढ़ ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत लाडनपुर के पंचायत सचिव के साथ सरपंच द्वारा अभद्रता कर झूमा-झटकी करने के मामले में पंचायत सचिव एवं सहायक सचिव संगठन द्वारा जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया है.

ज्ञापन में कहा है कि ग्राम पंचायत लाडनपुर के पंचायत सचिव विनयसिंह पाल के साथ सरपंच बिहारीलाल रुहेला के अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई तथा पंचायत भवन में मतदाता सूची 2003 एवं अन्य वोटर कार्ड से संबंधित दस्तावेज छीनकर फाड़ दिए.

संगठन द्वारा संबंधित सरपंच के विरुद्ध कार्यवाई की मांग की है. साथ ही कहा गया है कि यदि 24 घंटे में कार्यवाई नहीं की गई तो राजगढ़ ब्लॉक के समस्त पंचायत सचिव, सहायक सचिव कलम बंद पर चले जाएंगे.

मामूली बात पर मारपीट

ब्यावरा 24 नवम्बर, का. सोमवार को पुराना अस्पताल के पीछे कृष्णपुरम में कुछ युवको द्वारा एकमत होकर दो युवको के साथ मामूली बात पर से मारपीट किए जाने का मामला प्रकाश में आया है. सिटी पुलिस के अनुसार एक स्कूल के क्लास रुम में कागज फेंकने की मामूली बात पर से कुछ युवकों ने दो युवक के साथ मारपीट की. फरियादी नाबालिग छात्र ने बताया कि वह और उसका साथी राज यादव जब दोपहर के समय कृष्णपुरम कॉलोनी से जा रहे थे तभी उन पर एक नाबालिग छात्र सहित फैजल खान, अशद, फरहान खान निवासी मातामंड के द्वारा चेन आदि से हमला कर दिया गया. जिससे उनको चोट आई. सिटी पुलिस द्वारा फरियादी की रिपोर्ट पर संबंधित युवको के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया गया है.

एसआईआर सर्वे में घर-घर पहुंच रहे बीएलओ

सारंगपुर 24 नवंबर, सं. शासन के निर्देश अनुसार बी एल औ द्वारा एस आई आर के सर्वे का कार्य युद्ध स्तर चल रहा हैं जिसमे नगर के अनेक वार्डो में एस आई आर सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा हैं इसी कड़ी मे बीएलओ घर-घर जाकर जानकारी जुटा रहे है. इस सर्वे का मुख्य उद्देश्य सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी सरकारी योजनाओं को बेहतर ढंग से लागू करने के लिए आवश्यक डेटा एकत्र करना है. बीएलओ प्रत्येक घर में जाकर सर्वे से संबंधित जानकारी प्राप्त कर रहे है, जिससे योजनाओं का लाभ सही लोगों तक पहुंचाया जा सके. बीएलओ लगाए गए है. जिन्हें विशेष प्रशिक्षण दिया जा चुका है. निगरानी के लिए सुपरवाइजर भी बनाए गए है. बीएलओ नगरीय क्षेत्र में घर-घर पहुंचकर सर्वे कर रहे हे मतदाता सूची में मौजूद मतदाताओं का सर्वे 2003 की सूची के आधार पर किया जा रहा है जो मतदाता सूची में शामिल नहीं होंगे उन्हें जोड़ने का भी सर्वे के बाद कार्य शुरू होगा. जिला प्रशासन कें निर्देश पर एसडीएम रोहित बम्होरे द्वारा तहसील के ग्रामीण क्षेत्र एवं नगरीय क्षेत्र में तैनात किए गए बीएलओ को विशेष प्रशिक्षण दे दिया है। प्रत्येक मतदाता की सूची में अंकन पृष्ठ को मतदाता से ही सत्यापित कराया जाएगा. उसके हस्ताक्षर और अगूठा निशानी भी लिया जाएगा. इनकी निगरानी सुपरवाइजर करेंगे. जो अपनी सत्यापन रिपोर्ट तहसीलदार और एसडीएम को सौपेंगे. सर्वे के लिए प्रशासन ने पूर्व में तैयारियां पूरी कर ली हैं सोमवार को वार्ड 16 में सुबह से ही सर्वे कर रहे कर्मचारी 2003 की मतदाता सूची के मतदाताओं को सत्यापन के लिए फार्म भी दिए जा रहे हैं जिनको मतदाता अपनी जानकारी भरकर अपने क्षेत्र के बी औ लो के पास जमा करने का कहा जा रहा है. इस मौके पर सोमवार को बुथ क्रमांक 117 तलेनी(बल्डी)पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अर्चना पुष्पद व ज्योति पुष्पद, पवन पुष्पद के साथ मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण एस आई आर 2025 के अंतर्गत फार्म भरने का कार्य मैं भाजपा पिछड़ा मोर्चा के नगर मंडल अध्यक्ष विनोद पुष्पद ने भी गहन पुनरीक्षण कार्य में सहयोग किया.

यादव समाज का विवाह सम्मेलन 29 को निवानिया में

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 24 नवम्बर, का. यादव समाज के जिला स्तरीय बैठक ग्राम निवानीया में आयोजित की गई जिसमें सामाजिक स्तर पर होने वाले सामुहिक विवाह सम्मेलन 29 अप्रैल को ग्राम निवानिया में रखे जाने का निर्णय लिया गया.

इस अवसर पर जिले भर से समाजजन शामिल हुए. बैठक में अनावश्यक अधिक खर्च से बचने के लिए समाज के विवाह योग्य बालक, बालिकाओं की शादी सामूहिक विवाह सम्मेलन में करने पर जोर दिया गया.

पूर्व न्यायाधीश हीरालाल यादव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पूर्व राज्य मंत्री बद्रीलाल यादव, वरिष्ठ व्यवसाय लक्ष्मीनारायण यादव, यादव महासभा जिलाध्यक्ष सुरेश यादव, राम सिंह यादव, प्रेम नारायण यादव, पूर्व भजपा जिलाध्यक्ष दिलबर यादव, रामगोपाल यादव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पर्वत सिंह यादव, नेम सिंह यादव, भगवान सिंह यादव, पुकार सिंह यादव, जगदीश यादव, लखन लाल यादव, लखन यादव, चरण सिंह यादव, सत्यनारायण यादव, शिक्षक कमल यादव, पुरुषोत्तम यादव, बद्रीलाल यादव, रमेश यादव, राधेश्याम यादव सहित बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित रहे.

छात्र-छात्राओं को महाकाल लोक का भ्रमण कराया

नवभारत न्यूज

पचोर 24 नवंबर, सं. ग्राम पंचायत पटाड़िया धाकड़ के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के प्रतिभावान छात्रों को ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती सुगंनबाई जगदीश सिंह राजपूत द्वारा उज्जैन में महाकालेश्वर एवं महालोक का भ्रमण करवाया. उल्लेखनीय की ग्राम पंचायत सरपंच द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर घोषणा की थी कि 60व से अधिक अंक लाने वाले सभी 5से 12 वी तक के छात्र-छात्राओं को महाकालेश्वर के दर्शन कराए जाएंगे. इसी घोषणा के अनुरूप आज लगभग 250 बच्चों एवं शिक्षकों तथा पटाड़ियाधाकड़ के गणमान्य नागरिकों को सरपंच सुगनबाई जगदीशसिंह राजपूत द्वारा अपनी निजी राशि से उज्जैन भ्रमण करवाया. महाकाल दर्शन में राज्य मंत्री एवं उज्जैन जिले के प्रभारी मंत्री श्री गौतम टेटवाल एवं वरिष्ठ भाजपा नेता निर्मल जैन का विशेष सहयोग रहा जिससे सुलभ दर्शन हो सका. सरपंच प्रतिनिधि जगदीश सिंह राजपूत ने सभी सहयोगियों विशेष कर कर राज्य मंत्री गौतम टेटवाल एवं भाजपा जिला संयोजक निर्मल जैन का आभार व्यक्त किया.

अपील नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने में नागरिकों से सहयोग की अपील

एबी रोड पर कर रखा अतिक्रमण को हटवाया

नवभारत न्यूज

सारंगपुर 24 नवंबर, सं. आम शिकायत के चलते नगर के पुराने एबी रोड से अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अरविन्दसिंह एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री ज्योति सुनहरे द्वारा ए बी रोड का निरीक्षण कर दुकानदारों एवं अस्थाई दुकानदारों ठेला दुकानों के द्वारा रास्ते पर सामान रखकर किये गये अतिक्रमण को हटवाया गया.

जिससे यातायात प्रभावित हो रहा था. जिसमें कई दुकानदारों के द्वारा सीएमओ के निर्देश के स्वयं ही अपनी दुकानों के सामने किये गये अतिक्रमण चददर शेड व बाहर रखे सामान को हटाया गया. जिनके द्वारा पक्के सीमेंट चददर डालकर अतिक्रमण किया गया है उनको सुश्री ज्योति सुनहरे के द्वारा निदेर्शित किया गया कि वे किये गये अतिक्रमण को स्वयं हटा लेवें अन्यथा नगर पालिका द्वारा हटाया जावेगा जिसमें आने वाले खर्चे की वसूली संबंधित दुकानदारों की जावेगी. साथ ही हाथठेला पर सामग्री बेचने वालों को भी निर्देशित किया गया कि वे भी आम रास्तों पर अपना ठेला न लगावें ताकि यातायात प्रभावित न हो व आम नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिल सके.

साथ ही बस स्टेण्ड एवं ए बी रोड पर संचालित होटल के निरीक्षण के दौरान होटल संचालकों को होटलों पर कुडादान रखने एवं ग्राहकों को उपलब्ध कराये जाने वाले पेयजल की गुणवत्ता बनाये रखने हेतु पानी की टंकी एवं पानी भण्डारण की टंकियों की नियमित साफ सफाई करने हेतु निर्देशित किया व खादय सामग्री को ढंककर रखने व उनको संक्रमण से बचाने हेतु आवश्यहक व्यशवस्थायें सुनिश्चित करने के भी निर्देश सुश्री सुनहरे के द्वारा दिये गये.

एस.डी.ओ.पी.सारंगपुर व मुख्य नगर पालिका अधिकारी के द्वारा अतिक्रमण हटाने के दौरान दुकानें, ठेले, अवैध शेड और सड़कों पर फैलाया गया सामान को हटवाया गया. सुश्री सुनहरे के द्वारा नगर में स्वच्छता बनाये रखने हेतु सभी दुकानदारों से अपनी दुकान पर डस्टबीन का उपयोग करने एवं कचरे को सडक न डालने हेतु कहा गया. उन्होंने यह भी कहा कि सडक पर कचरा डालने एवं अतिक्रमण नही हटाने वाले लोगों पर जुर्माना की कार्रवाई की जाएगी तभी शहर की अव्यवस्था दूर होगी. उक्त कार्यवाही के दौरान नगर पालिका प्रभारी स्वस्थ निरीक्षक निरीक्षक सतीश कंडारे, जलप्रदाय शाखा प्रभारी राजकुमार गिरजे, मुरली सेन व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे.

नपा को मिला आईएसओ सर्टिफिकेट

नवभारत न्यूज

नरसिंहगढ़ 24 नवम्बर, सं नगर पालिका परिषद नरसिंहगढ़ को उत्कृष्ट एवं व्यवस्थित सेवाओं के लिए प्रतिष्ठित आईएसओ सर्टिफिकेट प्रदान किया गया है.

निकाय द्वारा स्वच्छता, नागरिक सुविधाओं, पारदर्शिता और प्रशासनिक दक्षता में निरंतर सुधार के प्रयासों के मद्देनजर यह सर्टिफिकेट दिया गया है.

नपा ने इस उपलब्धि पर विधायक मोहन शर्मा का आभार व्यक्त किया है. सीएमओ अभिषेक जैन ने बताया कि विधायक श्री शर्मा के निरंतर मार्गदर्शन, सहयोग और विकास उन्मुख दृष्टिकोण के कारण नगर में सेवाओं की गुणवत्ता बेहतर हुई है.

उन्होंने आगे भी नगर में स्वच्छता व्यवस्था, सड़क-सुविधाओं, सार्वजनिक स्वास्थ्य, डिजिटलीकरण और नागरिक शिकायत निवारण प्रणाली को मजबूत करने की बात कही है.